पिछड़े जिलों में दूरसंचार सुविधाएं

2511. **श्री अजीत जोगी** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों के आर्थिक तथा औद्योगिक विकास के लिए दूरसंचार सुविधायें प्रदान करने हेतु कोई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) अन्य राज्यों में उपरोक्त सुविधा की क्या स्थिति है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) से (ग) विशेषकर पिछड़े क्षेत्रों के लिए ही कोई पृथक योजनाय नहीं हैं। तथापि, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के साथ ही अन्य राज्यों के लिए दूरसंचार विभाग द्वारा तैयार की गई योजना में आदिवासी क्षेत्रों सहित पिछड़े क्षेत्रों के आर्थिक और औद्योगिक विकास हेतु दूरसंचार सुविधायें प्रदान करने का प्रावधान है। इसके उद्देश्य इस प्रकार हैं :–

–ग्रामीण तथा आदिवासी क्षेत्रों में व्यावहारिक रूप से मांग होने पर टेलीफोन प्रदान करना ।

–सभी ग्राम पंचायतों में 1–4–95 तक और सभी ग्रामों में सन् 2000 तक फोन की सुविधा प्रदान करना ।

–सभी एक्सचेंजों में 1–4–97 तक राष्ट्रीय उपभोक्ता डायलिंग सुविधा प्रदान करना ।

–सभी औद्योगिक विकास केन्द्रों, पर्यटक और तीर्थ स्थानों को 1–4–95 तक राष्ट्रीय उपभोक्ता डायलिंग सुविधा प्रदान करना ।

–सभी मैनुअल एक्सचेंजों को बदल कर मार्च 1994 तक पूर्ण रूप से स्वचालित नेटवर्क प्राप्त करना ।

–पुराने तथा घिसे-पिटे स्विचों को उनकी मियाद समाप्त हो जाने पर बदलना ।

–सभी स्ट्रोजर मैक्स–III और लाइन फाइडर किस्म के मैक्स–II एक्सचेंजों के स्थान पर इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज लगाना ।

–बुक किए गए तारों का 12 घंटों के भीतर 98% वितरण और 24 घंटों के भीतर 100% वितरण करना ।

Construction of residential quarters for P&T employees

2512. SHRI ANAND PRAKASH GAUTAM: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Funds were alloted to the Department of Posts and Department of Telecommunicatinons for. construction of residential staff quarters during the last three years;

(b) if so, what is the year-wise allotment and funds used in each year for constructing quarters of each type:

(c) if not, what are the reasons therefor;

(d) what is the number of quarters of each type constructed during the last three years and the number of Government quarters available at present in each type in both departments;

(e) whether it is a fact that the P&T employees have been adversely affected in allotment of Government quarters after separation of P&T pool from General Pool; and

(f) if so, what remedy has been for mulated by Govemment to equate the P&T employees with employees of other departments?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) Yes, Sir.